>

Title: Statement laid regarding status of implementation of recommendations in 22nd Report of Standing Committee on Rural Development, pertaining to the Department of Rural Development, Ministry of Rural Development.

ग्रामीण विकास मंत्री (डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह): मैं लोक सभा के सितम्बर, 2004 के बुलेटिन भाग-II द्वारा जारी आदरणीय लोक सभा अध्यक्ष के निदेश 73 क के अनुपालन में ग्रामीण विकास विभाग की ग्रामीण विकास से संबंधित स्थायी समिति की 22वीं रिपोर्ट (वर्ष 2006-07) में दी गई सिफारिशों के कार्यान्वयन की स्थिति के संबंध में यह वक्तव्य सभापटल पर प्रस्तुत कर रहा हूं।

ग्रामीण विकास से संबंधित स्थायी समिति की 22वीं रिपोर्ट (14वीं लोक सभा) 03 अगस्त, 2006 को लोक सभा में प्रस्तुत की गई थी। यह रिपोर्ट वर्ष 2006-07 के ा। लए ग्रामीण विकास मंत्रालय की ग्रामीण आवास योजना से संबंधित थी। समिति की रिपोर्ट में दी गई सिफारिशों पर की गई कार्रवाई की रिपोर्ट 31.7.2007 को ग्रामीण विकास से संबंधित स्थायी समिति को भेज दी गई थी।

उक्त रिपोर्ट में समिति ने 50 सिफारिशें की हैं जिन पर सरकार को कार्रवाई करने को कहा गया है। ये सिफारिशें मुख्य रूप से ग्रामीण आवास की जरूरतों तथा उसका वित्तपोषण, ग्रामीण आवास के ा।लए उपयुक्त प्रौद्योगिकी, डिजाइन और इंदिरा आवास योजना के कार्यान्वयन इत्यादि के संबंध में हैं।

समिति द्वारा की गई विभिन्न सिफारिशों के कार्यान्वयन की मौजूदा स्थिति मेरे वक्तव्य के साथ संलग्न अनुबंध में दी गई है, जो सदन के पट्ल पर प्रस्तुत है। मेरा अनुरोध है कि इसे पढ़ लिया गया समझा जाये।

---

* Laid on the Table and also placed in Library. See No. LT 6716/2007

12.15 hrs.